सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–183
01/03/2026

बिहार लोक भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

पटना 01 मार्च, 2026 :– बिहार लोक भवन में आज होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई।

इस अवसर पर माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने समस्त बिहारवासियों और देशवासियों को होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है और हम इससे प्रेरणा लेकर पूरे देश में इसी भावना के साथ भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अपना महत्तम योगदान दें।

इस अवसर पर माननीय लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, अन्य मंत्रीगण, बिहार विधान मंडल के सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य महानुभावगण उपस्थित थे।

....